दिन– शनिवार दिनांक– 29 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पिछले दिनों रद्द और स्थगित परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया। यूजीसी–नेट जून परीक्षा अब इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच होगी आयोजित।

02. नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने हज़ारीबाग़ स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

03. जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज नई दिल्ली में। पार्टी के विस्तार और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर चर्चा की सम्भावना।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले बहत्तर घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान। पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने पिछले दिनों रद्द और स्थगित परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। एनटीए ने एक अधिसूचना में कहा कि यूजीसी–नेट जून परीक्षा अब इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच आयोजित की जाएगी। परीक्षा ऑनलाईन मोड में आयोजित होगी। यह परीक्षा इस महीने की अठारह तारीख को आयोजित किए जाने के एक दिन बाद रद्द कर दी गई थी। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———बाईट———

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने अध्यापक नियुक्ति के तीसरे चरण की पुनर्परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। आयोग की ओर से जारी सूचना के अनुसार यह परीक्षा उन्नीस से बाईस जुलाई के बीच आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि तीसरे चरण की मार्च महीने में आयोजित परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो गया था, जिसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गयी थी।

————————————————————————

नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने झारखंड हज़ारीबाग़ स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य अहसानुल हक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अधिकारी उनसे पेपर लीक से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ कर रहे हैं। अहसानुल हक नीट परीक्षा के लिए हज़ारीबाग़ शहर के स्कूलों के समन्वयक

थे। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने अपनी जांच में पाया था कि पटना के खेमनीचक स्थित एक प्ले स्कूल से जब्त किया गया आंशिक रूप से जला हुआ प्रश्न पत्र एनटीए से प्राप्त प्रश्न पत्र से मेल खाता है। इसी प्रश्न पत्र की श्रृंखला हज़ारीबाग़ के ओएसिस स्कूल में बने परीक्षा केंद्र पर भेजी गयी थी।

———————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कर्मचारी पेंशन योजना में संशोधन किया है। इस संशोधन के बाद छह महीने से कम अंशदायी सेवा वाले ईपीएस सदस्यों को भी निकासी का लाभ मिल सकेगा। सरकार ने कहा है कि अब हर साल सात लाख से अधिक ईपीएस सदस्यों को लाभ होगा जो छह महीने से कम अंशदायी सेवा के बाद यह योजना छोड़ देते हैं।

———————————————————————————

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज नई दिल्ली में होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इसमें पार्टी के विस्तार, आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति और कई महत्वपूर्ण पदों पर नेताओं को खास जिम्मेदारी देने जैसे मुद्दों पर विमर्श की सम्भावना है।

———————————————————————————

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नव निर्वाचित सांसदों ने कल नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्हें इस बात की प्रसन्नता है कि चिराग पासवान अपने पिता रामविलास पासवान के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और लोजपा आर जन सेवा के लिए एक साथ हैं। इधर, दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर ने भी कल प्रधानमंत्री से मुलाकात की।

———————————————————————————

उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद का सदस्य नामित किया गया है। इसके अलावा गृह विभाग के प्रधान सचिव परिषद में अतिरिक्त सलाहकार के रूप में नामित किये गये हैं। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

———————————————————————————

बावन दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथजी यात्रा आज सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच कश्मीर घाटी के पहलगाम और बालटाल मार्ग से शुरू हो गयी है। यह यात्रा उन्नीस अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के दिन सम्पन्न होगी। जम्मू कश्मीर प्रशासन ने यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये हैं।

——————————————————————————————

बिहार के हज यात्रियों की देश वापसी का सिलसिला शुरू हो गया है। कल हाजियों का पहला जत्था कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचा। बिहार राज्य हज कमिटी के अध्यक्ष और कार्यपालक पदाधिकारी ने उनका स्वागत किया। इस जत्थे में दरभंगा, मधुबनी, अररिया, पूर्णियां, किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, जमुई और मुंगेर से गये हाजी शामिल हैं।

——————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। श्री मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद यह मन की बात की यह पहली कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

——————————————————————————————

प्रदेश में जून महीने के दौरान औसत से उनसठ प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के अनुसार अब तक राज्य में सत्तावन दशमलव तीन मिलीमीटर बारिश हुई है। राज्य में अब तक एक सौ चालीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश होनी चाहिए थी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि राज्य में अभी भी मॉनसून की सामान्य बारिश नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि जून महीने में राज्य में औसतन एक सौ तिरेसठ दशमलव तीन मिलीमीटर बारिश होती है।

———बाईट———

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि अगले बहत्तर घंटों के दौरान राज्य में बारिश की अनुकूल परिस्थितियां बन रही है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में तेज हवा के साथ राज्य के विभिन्न हिस्सों में अच्छी बारिश की सम्भावना है। इस अवधि में पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी है।

———बाईट———

——————————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के चलते उत्तर बिहार से होकर गुजने वाली नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पश्चिम चम्पारण जिले के जंगली क्षेत्र से होकर बहने वाली मनोर नदी के जलस्तर में कल अचानक हुई वृद्धि से आस–पास के इलाकों में पानी फैल गया। इधर, समस्तीपुर में बागमती नदी के जलस्तर में कल लगभग अठारह इंच की बढोतरी दर्ज की गयी। सीतामढ़ी के सोनाखान और ढेंग में भी नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ, पूर्वी चम्पारण जिले के चकिया और डुमरिया घाट में गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि की प्रवृति बनी हुई है। लालबकैया नदी का जलस्तर पूर्वी चम्पारण के सिकरहना में बढ़ रहा है।

———————————————————————————

मधुबनी जिले के भेजा गांव के ललवारही टोला में भूतही बलान नदी पर एक निर्माणाधीन पुल का बीम ध्वस्त हो गया। इस बीम की ढ़लाई तीन दिन पूर्व की गयी थी। स्थानीय लोगों के अनुसार नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से यह हादसा हुआ। मामले की जांच की जा रही है।

———————————————————————————

और अब नजर डालते हैं क्रिकेट के मैदान पर.....

———बाईट———

———————————————————————————

सहरसा जिले के बसनही थाना क्षेत्र में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। मौके से निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट परीक्षा में कथित अनियमितता को लेकर संसद में हंगामे और सीबीआई की कार्रवाई की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– नीट पर संसद ठप, सड़क के बाद सदन में गूंजी परीक्षा की गड़बड़ी।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– नीट पेपर लीक में प्राचार्य समेत दो गिरफ्तार।

प्रभात खबर ने लिखा है– जेल से छूटे हेमंत सोरेन, मनी लॉन्ड्रिग मामले में हाई कोर्ट से मिली बेल।

दैनिक जागरण ने खेल की खबरों को प्रमुखता देते हुये लिखा है– दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में बेटियों ने लगायी रिकार्ड की झड़ी। टी–ट्वेंटी फाईनल में अब देश के बेटों की बारी। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– लापरवाह अफसर समय से पहले होंगे रिटायर। केन्द्र सरकार ने खराब प्रदर्शन वाले कर्मचारियों की रिपोर्ट मांगी। आज अखबार की प्रमुख खबर है– जदयू राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज। संजय झा बन सकते हैं, कार्यकारी अध्यक्ष।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने पिछले दिनों रद्द और स्थगित परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया। यूजीसी–नेट जून परीक्षा अब इक्कीस अगस्त से चार सितंबर के बीच होगी आयोजित।

02. नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने हज़ारीबाग़ स्थित ओएसिस स्कूल के प्राचार्य समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

03. जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज नई दिल्ली में। पार्टी के विस्तार और आगामी बिहार विधानसभा चुनाव पर चर्चा की सम्भावना।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले बहत्तर घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश का पूर्वानुमान। पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।